# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## December, 2016

06885

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE

## ECO-002 : ACCOUNTANCY-I

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 50*

*Weightage : 70%*

---

***Note :*** *Attempt **any four** questions, including question no. 1 which is **compulsory**.*

---

**1.** Attempt **any two** questions from the following : **7+7**

(a) Define accounting and explain its objectives.

(b) What are the advantages of Maintaining Petty Cash Book ? Explain the imprest system of Maintaining Petty Cash.

(c) Distinguish between Sectional Balancing and Self-balancing.

(d) Explain deferred revenue expenditure with examples.

**2.** Rectify the following errors by making a Journal entry : **12**

(a) Machine purchased for ₹ 5,000 has been debited to purchase A/c.

(b) ₹ 3,000 being the sale proceeds of an old furniture has been credited to sales A/c.

(c) Goods purchased from Sanjay for ₹ 2,000 was recorded as ₹ 200 only.

(d) Goods sold to Mohan for ₹ 380 on credit was recorded as ₹ 830.

(e) ₹ 800 paid for rent wrongly debited to landlord's A/c.

(f) No entry has been made for sales return of ₹ 450.

**3.** Ajay and Vijay were partners in a joint venture, sharing profit and losses equally. Ajay supplied goods to the value of ₹ 2,500 and incurred expenses amounting to ₹ 250. Vijay supplied goods to the value of ₹ 2,000 and incurred expenses amounting to ₹ 200. Vijay sold the entire goods on the behalf of the joint venture and realized ₹ 6,000. Vijay was entitled to commission of 5% on sales. Vijay settled his account by bank draft. Show Joint venture account and Ajay's Account in the books of Vijay. **12**

**4.** Surya Ltd. purchased a machine for ₹ 40,000 on I$^{st}$ July 2010. Depreciation is provided @ 10% on the diminishing balance method. On I$^{st}$ October 2012, a part of the machine costing ₹ 10,000 was found damaged and disposed off for ₹ 6,000. On the same date a new machine at a cost of ₹ 15,000 was purchased. **12**

Prepare machine A/c from 2010 to 2013. The accounts are closed on 31$^{st}$ December each year.

5. Write short notes on **any two** of the following : **6+6**

(a) Accrued Income

(b) Capital Expenditure

(c) Bank Reconciliation Statement

(d) Contingent Liabilities

6. (a) State the features of Income and Expenditure account. **6+6**

(b) What is meant by Incomplete Records ? What are their limitations ?

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2016

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-002 : लेखाविधि-I

*समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*
*कुल का : 70%*

**नोट :** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7+7

   (a) लेखांकन की परिभाषा दीजिए तथा इसके उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

   (b) खुदरा रोकड़ बही रखने से क्या लाभ हैं? खुदरा रोकड़ बही रखने की अग्रदाय पद्धति (imprest system) की व्याख्या कीजिए।

   (c) अनुभागीय संतुलन तथा स्व-संतुलन प्रणालियों में अन्तर बताइए।

   (d) अस्थगित आयगत व्यय की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

2. जर्नल प्रविष्टियों द्वारा निम्नलिखित अशुद्धियों का शोधन कीजिए : 12

(a) ₹ 5,000 में क्रय की गयी एक मशीन को क्रय खाते में डेबिट किया गया।

(b) एक पुराने फर्नीचर की विक्रय राशि ₹ 3,000 को विक्रय खाते में क्रेडिट किया गया।

(c) संजय से खरीदे गए ₹ 2,000 के माल की प्रविष्टि ₹ 200 से की गयी।

(d) मोहन को बेचे गए ₹ 380 के उधार माल की प्रविष्टि ₹ 830 से की गई।

(e) किराए के दिए गए ₹ 800 की राशि को मालिक मकान के खाते में डेबिट किया गया।

(f) ₹ 450 की विक्रय वापसी की कोई प्रविष्टि नहीं की गयी।

3. अजय तथा विजय एक संयुक्त उपक्रम में साझेदार थे जो इसके लाभ–हानि को समान रूप में बांटते हैं। अजय ने ₹ 2,500 का माल सप्लायी किया तथा उस पर ₹ 250 व्यय किए। विजय ने ₹ 2,000 का माल सप्लायी किया और उस पर ₹ 200 व्यय किए। विजय ने संयुक्त उपक्रम के सारे माल की ₹ 6,000 में बेच दिया जिस के लिए उसे 5% कमीशन दिया जाना है। विजय ने एक बैंक ड्राफ्ट द्वारा हिसाब चुक्ता किया। विजय की पुस्तकों में 'संयुक्त उपक्रम खाता' तथा 'अजय का खाता' दिखाइए। 12

4. सूर्या लि. ने 1 जुलाई, 2010 को एक मशीन ₹ 40,000 में क्रय की। मूल्याह्रास ह्रासित शेष विधि के अनुसार 10% प्रतिवर्ष की दर लगाया जाता है। 1 अक्तूबर, 2012 को मशीन के एक भाग, जिस की लागत ₹ 10,000 थी, को क्षतिग्रत पाया गया और उसे ₹ 6,000 में बेच दिया गया। इसी तिथि पर ₹ 15,000 की लागत वाली एक नई मशीन खरीदी गयी। **12**

वर्ष 2010 से 2013 तक का मशीन खाता तैयार कीजिए। प्रत्येक वर्ष खाते 31 दिसंबर को बंद किए जाते हैं।

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : **6+6**

(a) उपार्जित आय (Accrued Income)

(b) पूँजीगत व्यय

(c) बैंक समाधान विवरण

(d) प्रासंगिक (Contingent) देयताएँ

6. (a) आय तथा व्यय खाते के विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **6+6**

(b) अपूर्ण लेखों से क्या तात्पर्य है ? इनकी क्या सीमाएँ हैं ?